రామ్మోహన్ నాయుడు కింజరాపు
राममोहन नायडू किंजरापु
**RAMMOHAN NAIDU KINJARAPU**

सत्यमेव जयते

नागर विमानन मंत्री
भारत सरकार
**Minister of Civil Aviation**
**Government of India**

**संदेश**

'हिंदी दिवस' के विशेष अवसर पर आप सभी को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। जैसा कि आप जानते हैं कि संविधान में हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। संविधान सभा ने दिनांक 14 सितंबर, 1949 को हिंदी के लिए यह गौरव प्रदान किया था। उस दिन के उपलक्ष में हम प्रतिवर्ष हिंदी दिवस मनाते हैं।

हिंदी भारत की सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा है। हिंदी जैसे बोली जाती है वैसे ही लिखी जाती है। फिल्मों, गीतों और समृद्ध साहित्य के माध्यम से हिंदी ने भारतीय संस्कृति को विश्व पटल तक पहुँचाने में अहम योगदान दिया है।

अपने संसदीय कार्यकाल में मैंने हिंदी को निरंतर बढ़ावा देने के लिए हर संभव योगदान दिया है। वर्ष 2014 में मुझे संसदीय राजभाषा समिति का सदस्य बनने का गौरव भी प्राप्त हुआ। केंद्रीय मंत्री की जिम्मेदारियाँ निभाते हुए मैंने यह अनुभव किया है कि हिंदी भाषा देश के विभिन्न क्षेत्रों के नेताओं, अधिकारियों और आम जनमानस से जुड़ने का एक सशक्त माध्यम है।

'हिंदी दिवस' के महत्वपूर्ण अवसर पर आप सभी को मेरी ओर से पुनः हार्दिक शुभकामनाएं।

**जय हिंद, जय भारत।**

**(राममोहन नायडू किंजरापु)**

Ministry of Civil Aviation : Room No. 291, B-Block, Rajiv Gandhi Bhawan, Safdarjung Airport, New Delhi-110003
Tel. : 91-11-24610350, 24632991, Fax : 91-11-24610354